मैया तेरे आने का एहसास ज़रूरी है

मैया तेरे आने का एहसास ज़रूरी है
पूजा और भक्ति में विश्वास ज़रूरी है....

है आस मेरे मन में मैया तेरे दर्शन की,
के तू आए ना आए एहसास ज़रूरी है,
पूजा और भक्ति में विश्वास ज़रूरी है.....

बच्चो के लिए माँ की जैसी ज़रूरत है,
जीने के लिए जैसे हर साँस ज़रूरी है,
पूजा और भक्ति में विश्वास ज़रूरी है....

चण्डी का मुख करके इक बार माँ आ जाओ,
इस जग में दुष्टों का संघार ज़रूरी है,
पूजा और भक्ति में विश्वास ज़रूरी है....

मत लेना परीक्षा माँ मैं बहुत सताई हूँ,
तेरी ख़ैर मिले ना मिले अरदास ज़रूरी है,
पूजा और भक्ति में विश्वास ज़रूरी है....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31191/title/mayia-tere-aane-ka-ehsas-jaruri-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |